महत्वपूर्ण / समयबद्ध

प्रेषक,

उदय भानु त्रिपाठी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

उपाध्यक्ष,
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण,
गाजियाबाद।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–5 **लखनऊ : दिनांक 20 फरवरी, 2024**

विषय : आवास एवं शहरी नियोजन विभाग में **डिग्रीधारी अवर अभियन्तागण (सिविल) द्वारा प्राप्त की गयी डिग्रियों के वैधता की पुष्टि ए0आई0सी0टी0ई0 से कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया शासन के पत्र संख्या– I/478493/2024, दिनांक 24.01.2024 **(छायाप्रति मयसंलग्नक)** का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से सदस्य सचिव, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के नियंत्रणाधीन विभिन्न विकास प्राधिकरणों में तैनात डिग्रीधारी अवर अभियन्तागण (सिविल) की सूची एवं इन अभियन्तागण द्वारा प्राप्त की गयी अभियन्त्रण स्नातक/ए0एम0आई0ई0 की डिग्रियों का विवरण/छायाप्रतियां संलग्नकर प्रेषित करते हुए, संलग्न सूची में उल्लिखित अभियन्तागण द्वारा प्राप्त की गयी अभियंत्रण स्नातक या इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स की एसोसिएट मेम्बर की डिग्री के वैध (valid) होने/न होने के सम्बन्ध में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को प्राथमिकता के आधार पर अवगत कराने की अपेक्षा की गयी है।

2– उल्लेखनीय है कि शासन का उक्त पत्र दिनांक 24.01.2024 सम्बन्धित विकास प्राधिकरणों को इस निर्देश के साथ पृष्ठांकित किया गया है कि भिज्ञ अधिकारी को संलग्न सूची में उल्लिखित शैक्षणिक संस्थाओं/सम्बन्धित विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार से व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित करते हुए सूची में अवस्थित अभियन्तागण द्वारा प्राप्त की गयी डिग्रियों की वैधता (validity)/मान्यता के सम्बन्ध में पुष्टि कराकर सूचना एक सप्ताह के अन्दर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रकरण में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के किसी अधिशासी अभियन्ता को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली से सम्पर्क स्थापित कर पत्र के साथ संलग्न डिग्रीधारी अवर अभियन्तागण (सिविल) की सूची में उल्लिखित समस्त डिग्रीधारी अभियन्तागण द्वारा प्राप्त की गयी अभियन्त्रण स्नातक/ए0एम0आई0ई0 की डिग्रियों के वैध (valid) होने/न होने के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त कर आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को प्राथमिकता के आधार पर व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। प्रकरण महत्वपूर्ण प्रकृति का है, अतएव समयबद्धता विशेषरूप से अपेक्षित है।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय,

Digitally Signed by उदय भानु त्रिपाठी
Date: 20-02-2024 11:27:49
Reason: Approved

(उदय भानु त्रिपाठी)
विशेष सचिव।